तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 जुलाई 2024



11 100 शिकायतें पहुंची कई का मौके पर ही निपटारा





12 नहर में पानी, लेकिन शहर में अब भी संकट, एक समय ...





SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE
YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS



लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

SUPERB 100
IIT/NEET/CA/CLAT
Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

I CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगी:-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

| Class | Name | Father's Name | Address | Previous School |
|---|---|---|---|---|
| 9th | Ishika | Anil | Sain Chowk | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Anvi | Prashant | Jakhrana | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Nancy | Devender | Rasuli | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |
| 9th | Avi | Sushil | Bashipur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Saksham | Randheer | Neepur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Sandhya | Bharat Singh | Khera | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh |
| 9th | Khushwinder | Amit | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Riya Bhardwaj | Roshanlal | Bapora | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu |
| 9th | Janvi | Dodram | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Priyanshi | Jitender | Asadpur | Rishi Public School, Rewari |
| 12th | Himanshu | Ramesh Kumar | Patikara | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 12th | Prachi | Ved Parkash | Uttam Nagar | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 I Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 I Satnali: 9812330666 I Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 I Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES

यदुवंशी कॉलेज

29 YEARS OF EXCELLENCE

हर बार यदुवंशी सबसे आगे



तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
98.60 %
शिवानी पुत्री
श्री निरंजन सिंह

भारती पुत्री
श्री शिव कुमार
98.40%



यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी




79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

- B.Sc. (HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
- B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
- B.A., B.A. (HONS) ENGLISH, BBA, BCA
- M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
- M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
- M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
- B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
- M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam
IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech
CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech
Polytech.
ITI



विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Rewari Road, Narnaul
8607052323 I 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Mahendergarh
8607062323 I 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE
Thanwas, N. Chaudhary
8607052424

TECHNICAL COLLEGES
Narnaul - 8607052323
Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES
Narnaul - 8222852523
Sohali - 9991904068
Dhani Mahu - 8949371674
M.Garh - 7056720275
Ch. Dadri - 7027135135


## खबर संक्षेप



### किसान संघ ने चलाया पौधरोपण अभियान

**रोहतक।** भारतीय किसान संघ ने सत्यवान ढाका के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया। ढाका ने बताया कि किसान संघ पूरे हरियाणा में पौधे लगाएगा। पौधा रोपण 1-31 जुलाई तक होगा। उन्होंने कहा कि किसान प्रकृति का सबसे बड़ा रक्षक और मित्र है किसान खेत में या किसी भी स्थान पर लगे पौधों को कभी नुकसान नहीं पहुंचता वह पौधों की अपनी संतान की तरह देखभाल करता है। किसान के बिना प्रकृति की रक्षा करना असंभव है।

### रमेश बने ग्रामीण विकास बैंक के उपप्रधान



**कलानौर।** दि रोहतक जिला प्राथमिक कृषि सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चुनाव में रमेश भाटिया को सर्वसम्मति से उपप्रधान चुना। मंगलवार को उप रजिस्ट्रार सतीश रोहिल्ला की अध्यक्षता में बैंक की गवनिंर्ग बॉडी के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए सुरेश कुमार और उप-प्रधान पद के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और ई-ग्रंथालय प्रदेश प्रमुख रमेश भाटिया को चुना।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक आज

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी की रोहतक जिला विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका एडवोकेट की अध्यक्षता में बुधवार को सिंहासन बैंक्वेट हॉल में होगी। बैठक में हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार पहुचेंगे। जिला कार्यकारिणी की बैठक से पहले 10 बजे प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक होगी।

### मासूम से दरिंदगी करने वालों को कड़ी सजा हो

**रोहतक।** जनवादी महिला समिति ने टोहाना की 3 साल की गैंगरेप पीड़िता बच्ची की मौत पर दुख व्यक्त किया है। जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान, राज्य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा व कोषाध्यक्ष राजकुमारी दहिया ने कहा है कि तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वालों को बक्शा न जाए।

### एसबीआई ने कॉलेज में पौधरोपण किया

**रोहतक।** भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यालय रोहतक द्वारा पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता के लिए पौधरोपण किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार यादव ने राजकीय महाविद्यालय जसिया में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बैंकिंग की जानकारी दी।

## चेकिंग के दौरान वाहन चालकों में मची रही अफरा-तफरी

# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान 132 भारी वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान व माल की हानि को रोकने के उद्देश्य से लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड ड्राइविंग बारे वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 132 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर, पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेश अनुसार पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा व सुरक्षित सफर को मद्देनजर रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा रॉन्ग साइड ड्राइविंग व लेन ड्राइविंग के नियमों का उल्लंघन करने पर अनेक वाहनों के चालान किए गए।

एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन के लिए भारी वाहन व वाहन के लिए लेन ड्राईविंग निर्धारित करने व बांई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित बांई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज भारी वाहनों के 129 चालान किए गए।





रोहतक। भारी वाहनों के चालान काटते हुए ट्रैफिक पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने के लिए किया प्रेरित

यातायात थाना प्रबंधक ने बताया कि पुलिस द्वारा भारी वाहनों के संबंध में लेन ड्राइविंग तथा रॉन्ग साइड ड्राइविंग बारे विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा चैकिंग के दौरान यातायात नियमों, लेन ड्राइविंग और रॉन्ग साइड ड्राइविंग को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गयाअभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को अपनी लेन में वाहन चलाने और रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने के लिए प्रेरित किया।

### सड़क हादसों पर अंकुश के लिए चलाया अभियान

विशेष अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना को रोकना व सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है। खराब मौसम के दौरान दृश्यता कम होने पर यातायात को सुचारू रूप से चलाने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए विशेष जागरूकता अभियान के तहत आमजन तथा वाहन चालकों को जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस की विभिन्न टीमों ने सड़क सुरक्षा व सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को सजग होकर उनकी पालना करने बारे जागरूक किया गया।

### भारी वाहनों को बाई लेन में रहना चाहिए:एसपी

एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि लेन ड्राइविंग के दौरान धीमी गति से चलने वाले सभी वाहन जैसे ट्रक, बस आदि को बाई लेन में रहना चाहिए। तेज गति से चलने वाले वाहनों को दाई लेन में रहना चाहिए। यह नियम बाई ओर से ओवरटेक करने से बचाता है। कभी भी गलत दिशा से ओवरटेक नहीं करना चाहिए। जब भी वाहन चालक लेन बदले तो हमेशा टर्न इंडिकेटर का इस्तेमाल करें। बिना संकेत के लेन बदलने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है।



रोहतक। दुर्गा स्तुति पाठ करवाते हुए गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी

### संकट मोचन मंदिर में किया दुर्गा स्तुति पाठ

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में आषाढ़ महीने के गुप्त नवरात्रों के चौथे दिन मंगलवार को भक्तों ने दुर्गा स्तुति पाठ भक्ति भाव किया। उन्होंने मां के दरबार में माथा टेककर मनोकामनायें मांगी। पंडित अशोक शर्मा ने आरती व प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद से तिलक राज जुनेजा, सतीश, संतोष राघव, केशव भारद्वाज प्रिंस ने गुणगान किया। उन्होंने मां और पुत्र के प्रेम की उल्लेख करते हुए कहा कि अगर दिल से मां को पुकारते है तो मां अपने सारी काम छोड़कर पुत्र के पास दौड़ी चली आती हैं। जिसके जीवन में मां होती हैं उसके जैसा भाग्यशाली कोई नही,मां अपने बच्चों के ऊपर कोई कष्ट नहीं देखना चाहती हैं। जिस घर में मां विराजमान हो जाए उस घर में कभी भी ममता की कमी नहीं होती, क्योंकि मां ममता देने वाली हैं।

## डिविजन सुधार करने के लिए आज ही करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- डिविजन में सुधार करने के लिए छात्रों को दिया सुनहरा अवसर

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2001 से रजिस्टर्ड यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्री पूरी करने तथा बीएड को छोडक़र अन्य पाठ्यक्रमों में अपनी डिविजन में सुधार करने के लिए दिए गए स्पेशल चांस के तहत परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू के यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2001 से पंजीकृत उन विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया गया है, जो किसी कारणवश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए, उनकी डिग्री पूरी नहीं हुई और अपनी डिग्री पूरी करने के सभी चांस ले चुके हैं। प्रो. तनेजा ने बताया कि बीएड को छोडक़र अन्य यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में माक्र्स इंप्रूवमेंट के लिए भी स्पेशल चांस दिया गया है।

## चार मंजिला भवनों के निर्माण की मंजूरी देने पर बिल्डर एसोसिएशन ने ग्रोवर और सीएम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश सरकार द्वारा पार्किंग सहित चार मंजिला भवनों के निर्माण को हरी झंडी दिए जाने की खुशी में रोहतक बिल्डर एसोसिएशन की ओर से सिंचाई विश्रामगृह के पास एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर रहे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री ग्रोवर का आभार जताया। ग्रोवर ने कहा कि जब रोहतक की जनता ने उन्हें 2014 में विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा था, तब अनेक काम करवाए। एलिवेटेड रोड से लेकर तमाम बाजारों में शौचालय सुविधा, पीजीआई कैंपस में नए प्रोजेक्ट, रोहतक शहर को सीसीटीवी सुविधा, पार्किंग, पार्क, नई और पुरानी अनाज मंडी में नई सुविधाओं की सौगात देने जैसे अनेक काम किए थे। वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बड़े फैसले ले रहे हैं। वर्तमान में जमीन की कमी और महंगे रेट होने के कारण मध्यम वर्ग के लोग एक ही जगह रहने में सक्षम है, इसलिए सरकार ने चार मंजिला भवनों के निर्माण को हरी झंडी देने का काम किया है। इस मौके पर धीरज चावला, अशोक नारंग, शंटी गाबा, अमृतलाल कपूर, पवन साहनी, प्रवीण चावला, राजू सचदेवा, सुरेंद्र कुमार, मनीष सहारण, गौरव कत्याल, संजय जुनेजा, अरविंद सिक्का, धर्मपाल परूथी और संजय नासा मौजूद रहे।



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर का स्वागत करते हुए रोहतक बिल्डर एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने यूनिवर्सिटी की टॉप-10 में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एमएससी फिजिक्स की छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज ने 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर मुस्कान पुत्री प्रवीन, अनु यादव पुत्री योगेंद्र, अंकिता पुत्री अशोक ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार इन तीनों विद्यार्थियों ने बराबर अंक लेकर दूसरे स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों में न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी फिजिक्स के अच्छे परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यदुवंशी कॉलेज इसी तरह के परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि एमएससी भौतिक के बाद बायो फिजिक्स में पीएचडी की जा सकती है। निदेशक राजेंद्र यादव ने बताया कि भौतिक में मास्टर ऑफ साइंस डिग्री हासिल करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संस्थाओं अनुसंधान, प्रयोगशालाओं, परमाणु और अंतरिक्ष संगठनों एवं दूरसंचार क्षेत्र के कई अवसर उपलब्ध होते हैं।



छात्रा प्रियंका



रोहतक। विजेताओं को सम्मानित करते हुए डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के सदस्य व प्राचार्या डॉ. अरुणा तनेजा। फोटो : हरिभूमि

### मॉडल स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

रोहतक। डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा रामानुजाचार्य जयंती के अवसर पर 15 मई को मॉडल स्कूल अंबेडकर चौक में निबंध प्रतियोगिता करवाई गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने रामानुजाचार्य के जीवन काल के बारे में लिखा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कनिष्ठ वर्ग प्रथम लक्षित, द्वितीय पीयूषा व तृतीय अद्वे रहा। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम सीरत, द्वितीय यशिका जैन व तृतीय यशिका रही। समिति के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने रामानुजाचार्य पर विद्यार्थियों को बताया कि श्रीरामानुजाचार्य बड़े ही विद्वान और उदार थे। वे चरित्रबल और भक्ति में अद्वितीय थे। 16 वर्ष की उम्र में ही श्रीरामानुजम ने सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान अर्जित कर लिया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष अंजली राय और अध्यापिका कविता पाहवा उपस्थिति रही

## टिटौली की सरिना ने जीता लाखन माजरा खंड की सर्वोत्तम माता का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिड़ी गांव में लाखन माजरा खंड की सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। कार्यक्रम की संयोजक लाखन माजरा खंड की सीडीपीओ योगेंद्रा सांगवान रही। इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर प्रथम, द्वीतिय और तृतीय स्थान पर रहने वाली माताओं ने भाग लिया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में टिटौली गांव की सरिना पत्नी जगदीश ने सर्वोत्तम माता का प्रथम पुरस्कार जीता। दूसरा पुरस्कार टिटौली गांव की सरिता पत्नी विक्रांत ने जीता और तृतीय पुरस्कार सिसरौली गांव की लक्ष्मी पत्नी सतीश के नाम रहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी और लाखन माजरा की मेडिकल ऑफिसर मंजू ने महिलाओं का साक्षात्कार लिया। प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे एनिमिया के अभियान की जानकारी दी। साथ ही उनको टीकाकरण का महत्व बताया। महिलाओं को पौष्टिक आहार व पोषण अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एक पोषण रैली भी निकाली गई। इस मौके पर सुपरवाइजर रसना दहिया, सहायक सविता व विभिन्न गांवों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं।



महम। खंड स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार की विजेता महिलाओं के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। मिठाई बांटकर खुशी मनाते हुए जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका व अन्य

## मोहनलाल बड़ौली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लड्डू बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राई के विधायक व प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली को नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर जिला भाजपा टीम ने एक दूसरे को मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि मोहन लाल के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा नए आयाम स्थापित करेगी। मोहन बड़ौली का नेतृत्व वरदान साबित होगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि मोहन लाल के नेतृत्व से भाजपा में जो विश्वास बढ़ेगा, वह अतुलनीय है। जिला महामंत्री सुखबीर चंदोलिया ने कहा कि यह नियुक्ति सबको लाभ होगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक रंगा, अजय शर्मा, उदयभान मलिक, वीर सिंह हुड्डा, वजीर खोखर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील धनखड़, संगीता सिंगला, वीणा सिक्का, बंसी विज, धर्मेंद्र सैनी, संजय बल्हारा रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने गैर भाजपा सांसदों को सौंपे मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संयुक्त किसान मोर्चा( एसकेएम)आह्वान पर किसानों ने आंदोलन-2 की मांगों पर संसद में प्राइवेट बिल लाने के लिए गैर भाजपा लोकसभा सांसदों को स्वयं जाकर व ई-मेल के माध्यम से मांग पत्र सौंपे। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा द्वारा बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों को छोडक़र बाकी सभी 303 सांसदों को मांग पत्र सौंपे जा रहे हैं। ,जिसमें एमएसपी खरीद गारंटी कानून,स्वामीनाथन आयोग सी2+50 के अनुसार फसलों के भाव तय करना व किसानों,मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी के लिए संसद में प्राइवेट बिल लाने की मांग की गई। विपक्ष में बैठे इंडिया गठबंधन ने अपने चुनावी घोषणापत्र में इन सभी मांगों का वादा किया हुआ है।औलख ने कहा कि किसान आंदोलन-2 के कारण ही 400 पार का नारा लगाने वाली बीजेपी 240 पर आ गई है।वर्तमान सरकार द्वारा किसानों पर किए अत्याचारों का जनता ने हिसाब लिया है।

### भेजा मांग पत्र

हरियाणा में मंगलवार को भारतीय किसान एकता बीकेई, भारतीय किसान नौजवान यूनियन, बीकेयू खेती बचाओ, बीकेयू शहीद भगत सिंह, बीकेई कालांवाली आदि किसान जत्थेबंदियों के प्रतिनिधि मंडल ने विपक्ष के पांच लोकसभा सांसदों को मांग पत्र दिया, जिसमें सिरसा लोकसभा से कुमारी सैलजा को ईमेल के माध्यम से मांग पत्र भेजा।

## जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

पुलिस ने सीसर खास निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि सीसर खास निवासी मोहित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि मोहित खेती बाड़ी का काम करता है। 18 अप्रैल को रात करीब 9 बजे गांव में जसमत किरयाने की दुकान के पास पहुंचा तो दीपक उर्फ काला खड़ा था। दीपक ने मोहित के साथ गाली गलौच करना शुरु कर दिया। दीपक ने चाकू से सिर व आंख के पास वार किया। शोर सुनकर मोहित का चाचा आ गया।

## सीडीपीओ और सुपरवाइजर्स ने महिलाओं को दी जानकारी

# पैकेट बंद वस्तुएं खाने से करें परहेज: अल्का

- सर्वोत्तम माता पुरस्कार के लिए महम खंड की महिलाओं ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महिला एवं बाल विकास विभाग महम द्वारा महिलाओं को आगे बढाने की कड़ी में महम के सभी सर्कल में सर्वोत्तम माता पुरूस्कार प्रतियोगिता का आयोजित की गई। सर्कल स्तरीय सर्वोतम माता पुरूस्कार प्रतियोगिता में सर्कल के अन्तर्गत आने वाली महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। सुपरवाइजर अल्का ने बताया की विभाग कि ओर से हर वर्ष सर्वोतम माता पुरस्कार को आयोजन किया जाता है। इसके तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली माता को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाता है। उन्होनें बताया कि पहले सर्कल स्तर पर महिलाओं का चयन किया जाता है और उसके पश्चात खण्ड स्तर पर उनमें से सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। सुपरवाइजरों ने महिलाओं से कहा कि उन्हें घरेलू व्यंजनों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। भोजन में तली हुई, अधिक मसालेदार, पैकेट बंद वस्तुएं खाने से परहेज करना चाहिए। महिलाओं को घरेलू हिंसा अधीनियम के बारे में जानकारी दी और विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया।



महम। सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लेती महम खंड की महिलाएं।

### इन गांवों की महिलाओं ने सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लिया, दी प्रतिभा परीक्षा

खण्ड महम में विभाग के आठ सर्कल बांटे गए हैं, जिसमें सर्कल बहलबा में गांव बहलबा व गांव सीसर शामिल हैं। सर्कल महम में गांव निन्दाना, महम व खेडी महम आते हैं। सर्कल सैमाण में गांव सैमाण, भैणी मातौ, भैणी महाराजपुर व भैणी सुर्जन शामिल हैं। सर्कल मोखरा में गांव मोखरा व मुरादपुर टेकणा और सर्कल मदीना गिन्धरान में गांव मदीना गिन्धरान, गिरावड़ व निडाना शामिल हैं। सर्कल खरकडा में गांव खरकडा, किशनगढ व भैणी भैरों आते हैं। सर्कल मदीना कोरसान में गांव मदीना कोरसान, अजायब व भराण शामिल हैं। सर्कल फरमाणा के अन्तर्गत गांव फरमाणा, भैणी चन्द्रपाल व गांव बेडवा गांव हैं।

## खबर संक्षेप

### बीजेपी विस प्रभारी पूनिया भैणी महाराजपुर में आज

**महम।** बुधवार दोपहर 2 बजे महम विधानसभा प्रभारी सतीश पूनिया गांव भैणी महाराजपुर पहुंचेंगे। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा व राधा अहलावत महम विधानसभा प्रभारी का कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत करेंगे।

### दुकान के सामने से स्कूटी चोरी, केस दर्ज

**महम।** कस्बा महम के पुराने बस स्टैंड से एक व्यक्ति की स्कूटी चोरी हो गई। महम थाने में दी शिकायत में महम के वार्ड 15 निवासी कर्ण दुआ पुत्र सुभाषचंद्र नंबरदार ने बताया कि गत दिवस शाम को चार बजे वह अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी लेकर पुराना बस स्टैंड पर नंदी की दुकान पर सामान लेने गया था। दुकान के सामने ही उसने स्कूटी खड़ी कर दी और चाबी उसके अंदर ही छोड़ दी। वह दुकान से सामान लेने लगा। वह सामान लेने में व्यस्त हो गया। वापस मूड़कर देखा तो उसकी स्कूटी वहां पर नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### महम में फर्स्ट एड ट्रेनिंग के लिए सब सेंटर शुरू

**रोहतक।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा महम में ही कंडक्टर लाइसेंस के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए सब सेंटर शुरू कर दिया गया है। इस सब सेंटर पर नियमित रूप से प्रोशनल फर्स्ट एड की ट्रेनिंग शुरू कर दी गई है। अब महम के युवाओं को रेडक्रास सोसायटी के रोहतक मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कंडक्टर लाइसेंस के लिए फर्स्ट एड की ट्रेनिंग करने के इच्छुक युवा ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर महम में ही सब सेंटर पर आठ दिवसीय फर्स्ट एड ट्रेनिंग कर सकते हैं।

### कवि बाजे भगत की स्मृति में बनेगा स्मारक

**रोहतक।** सैन समाज चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 16 जुलाई को सूर्य कवि बाजे भगत की स्मृति में कन्हेली से पहरावर रोड पर बनाए जाने वाले स्मारक की आधारशिला डॉ. संदीप के कर कमलों द्वारा रखी जाएगी। इस अवसर पर एक विशाल रागनी कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम तक चलेगा। ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई जमीन पर भव्य इमारत बनाई जाएगी, जिसमें पहली मंजिल पर कम्यूनिटि हॉल, दूसरी मंजिल पर लाइब्रेरी, तीसरी मंजिल पर संगीत कला केन्द्र व चौथी मंजिल पर ट्रस्ट का कार्यालय बनाया जाएगा।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने प्रीत विहार कॉलोनी में स्थित घर में हुई चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रीत विहार कॉलोनी निवासी देवेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 16 सितंबर 2023 को देवेंद्र रिशतेदारी में गया हुआ था। देवेंद्र को पड़ोसी ने सूचना दी कि उसके घर में चोरी हुई है। देवेंद्र ने देखा तो उसे घर का सामान बिखरा हुआ मिला व घर से सोने की अंगूठी, चांदी का सिक्का व बाइक चोरी मिली। आरोपी मंगल निवासी कबीर कॉलोनी हाल रामसिंह कॉलोनी हांसी को हांसी जेल से प्रोड्क्शन वांरट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है।

# वित्तीय संकट से जूझ रही एमडीयू के खातों में सरकार ने 29.5 करोड़ रुपये जमा करवाए

## ए प्लस ग्रेड महर्षि दयानंद विवि में वेतन को लेकर कई दिन से मचा हुआ है बवाल



### यह है सरकार के आदेश

वित्तीय संकट से गुजर रही एमडीयू को सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि किसी नये पद सृजित नहीं किए जाएंगे। सभी पदों के वेतनमान तथा पद संज्ञा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित / स्वीकृत वेतनमानों के अनुसार/पद संज्ञा अनुसार ही रखें। विश्वविद्यालय 1 अप्रैल 2023 के ओपनिंग व 31 मार्च 2024 के क्लोजिंग बैलेंस सूचित करते हुए अनस्पैंट राशि को सरेंडर करेगा। पिछली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार हरियाणा / वित विभाग/ शिक्षा विभाग को उपलब्ध करवाना होगा। खर्चा स्वीकृत बजट व्यवस्था के अंदर ही रहेगा तथा निर्धारित नार्म / नियमानुसार व सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से ही करना होगा । स्कीम वार्षिक योजना में शामिल होगी तथा विभाग का योजना परिव्यय नहीं बढ़ेगा, चाहे बाद में कटौती भी क्यों न लग जाये। इस राशि का लेखा परीक्षा महालेखाकार हरियाणा द्वारा जब भी आवश्यकता होगी ऑडिट करवाया जाएगा। अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पहले पूर्ण करना होगा व नए कार्यों को बाद में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रारंभ करना होगा। ध्यान रहे कि विश्वविद्यालय में कई कामों के टेंडर हाल फिलहाल में होने हैं।

### वेतन जारी किया

विश्वविद्यालय के खाते में साढ़े 29 करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं। शिक्षकों को जून का वेतन जारी कर दिया है।

**-सुनित मुखर्जी**, निदेशक, लोकसंपर्क विभाग, एमडीयू, रोहतक

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जून की सैलरी को लेकर कर्मचारियों द्वारा हो-हल्ला करने के बीच गत 2 जुलाई को राज्य सरकार ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 37 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। लेकिन हैरत ये है कि 6 दिन बाद भी स्वीकृत पैसा यूनिवर्सिटी के खातों में जमा नहीं हुआ। लेकिन मंगलवार दोपहर बाद सरकार ने साढ़े 29 करोड़ रुपये जमा करवाए। इसके बाद शिक्षकों के खातों में सेलरी जमा हुई। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय को सरकार ने चार किस्तों के रूप में करीब 148 करोड़ रुपये देना है। इसकी पहली किस्त (25 प्रतिशत) के रूप में 37 करोड़ रुपये मिलने थे। यह पैसा 30 जून 2024 तक मिलना था। लेकिन हैरत ये है कि सरकार ये राशि ही 2 जुलाई को स्वीकृत करके यूनिवर्सिटी को इत्तला करती है। लेकिन स्वीकृत के छह दिन बाद भी जब खातों में पैसा जमा नहीं हुआ तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार सुबह-सुबह चंडीगढ़ की तरफ कूच किया। वहां बताया गया कि विश्वविद्यालय को 37 करोड़ की बजाय साढ़े 29 करोड़ रुपये दिया जा रहा है। साढ़े सात करोड़ रुपये कम क्यों दिया जा रहा है, इसकी वजह से पूछी तो बताया गया कि वित्तीय वर्ष के पहले क्वार्टर में जो 25 प्रतिशत पैसा यूनिवर्सिटी को मिलना था, उसका समय बीत चुका है। अब 25 की बजाय 20 प्रतिशत पैसा दूसरे क्वार्टर मिलेगा।

पांच-छह दिन पहले महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा ने कहा था कि नॉन टीचिंग के कर्मचारियों को जून का वेतन मिल गया है। ऐसे में अब हड़ताल करने की जरूरत नहीं है। लेकिन अब जो जानकारियां निकलकर आ रही हैं, उनमें बताया जा रहा है कि काफी गैर शिक्षक कर्मचारियों को 9 जुलाई दोपहर तक भी वेतन नहीं मिला था। शाम को वेतन दिया गया।

#### 25 प्रतिशत पैसा मिलेगा

यूनिवर्सिटी का एक साल का खर्च करीब 600 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस राशि का राज्य सरकार 25 प्रतिशत विश्वविद्यालय को देगी। 75 फीसदी खर्च खुद ही यूनिवर्सिटी को वहन करना है। बताया जा रहा है कि 600 करोड़ रुपये का 25 प्रतिशत करीब 148 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। पहली किस्त के रूप में गत दो जुलाई को 37 करोड़ रुपये स्वीकृत तो किए, लेकिन पैसा यूनिवर्सिटी को नहीं दिया गया। जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें प्रकार की दिक्कतों का सामना तनख्वाह न मिलने की वजह से करना पड़ रहा है।वेतन को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी कुलपति कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच ने कहा कि विश्वविद्यालय को वित्तीय संकट से बाहर निकालने का एक ही उपाय है कि सरकारी अनुदान प्राप्त ऐडेड महाविद्यालयों की तर्ज पर सौ फीसदी अनुदान विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को दिया जाए। सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत लगे शिक्षक, गेस्ट शिक्षकों की तनख्वाह एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों की तनख्वाह एवं रिटायर्ड शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को पेंशन भी सरकार दे। डॉ. सिवाच ने सवाल खड़ा किया कि जब विश्वविद्यालय के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा ही नहीं है तो शिक्षकों की भर्ती करने का औचित्य ही क्या बचता है। भर्ती के बाद इन शिक्षकों को सेलरी कहां से मिलेगी, इस बिंदू पर विश्वविद्यालय को अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रधान डॉ. विकास ने कहा कि एक तय रणनीति के तहत विश्वविद्यालय का बजट कम किया जा रहा है। ताकि यूनिवर्सिटीज को पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा सके।



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन देते हरियाणा सर्वखाप पंचायत के तत्वावधान में नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल व देशवाल खाप से कार्यकारी प्रधान संजय देशवाल।

### सर्वखाप ने मुख्यमंत्री को समगौत्र विवाह और लिव इन रिलेशन पर रोक लगाने के लिए दिया ज्ञापन

**रोहतक।** हरियाणा सर्वखाप पंचायत के तत्वाधान में नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल व देशवाल खाप से कार्यकारी प्रधान संजय देशवाल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को समाज में फैल रही कुरीतियों विशेषकर लिव इन रिलेशनशिप और समगौत्र विवाह के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल ने कहा कि हिन्दू मैरिज एक्ट में आवश्यक संशोधन किया जाए ताकि समाज में गांव, गुहाड व समगौत्र में शादी न करने की सदियों से चली आ रही परम्परा का उचित निर्वाह हो सके। इस अवसर पर संजय देशवाल ने कहा कि आज हमारे समाज में एक नई कुरीति दिन प्रतिदिन पनपती जा रही है जिससे हमारे समाज के बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है और वह है लिव इन रिलेशनशिप।

ओमप्रकाश नांदल प्रधान नांदल खाप, संजय देशवाल कार्यकारी प्रधान देशवाल खाप, रणबीर सिचाव अखिल भारतवर्षीय जाट महासभा, अशोक मलिक राष्ट्रीय महासचिव गठवाला खाप, सुरेंद्र खत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष खत्री खाप, जगवन्त हुड्डा प्रवक्ता हुड्डा खाप, बलबीर सिंह चहल खाप, सुरेश बहलपुर प्रधान नौ गाम खाप तथा रामराय, दिलबांग सिंह बाजवान प्रधान सैन समाज हरियाणा, दयानंद देशवाल प्रधान जाटसभा नागलोई, ओमप्रकाश कडेला प्रधान कड़ेला खाप, राजवीर सहरावत महासचिव जाटसभा नागलोई, प्रधान रामनिवास लोहान सातरोल खाप, सोमदत्त शर्मा, प्रमिंदर सिंह संधु, राजेन्द्र प्रधान 360 सोनीपत जटवाड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे।

### हरियाणा कन्या वाहिनी सीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पुरस्कार वितरण समारोह




■ कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू ने प्रधानाचार्या का स्वागत किया

**रोहतक।** हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी सीसी द्वारा महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पुरस्कार विद्रोह वितरण समारोह आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर रश्मि लोचभ राही। कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू ने प्रधानाचार्या का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वो स्वयं भी सशस्त्र सेना में भागीदारी चाहती थी यूनिफॉर्म सर्विसेज के लिए उनके में में गहरा सम्मान है अतः एनसीसी कैंप के लिए सहयोग करना वो गौरव का विषय समझती हैं। पुरुस्कार प्राप्तकर्ताओं की श्रृंखला में एमकेजेके कॉलेज रस्साकाशी और वॉलीबॉल में प्रथम रहा। वहीं जीसीडब्ल्यू कॉलेज रोहतक ने सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया। कैंप को सुचारू रूप से चलाने के लिए कैंप सीनियर का पुरुस्कार गुरुग्राम कॉलेज की कैडेट स्नेहा को मिला और सर्वाधिक निष्ठा और अनुशासन का परिचय देने के लिए डीएवी कोसली कॉलेज की कैडेट सिमरन को मिला। कर्नल अमित मैथ्यू ने व्यक्तित्व विकास और एसएसबी इंटरव्यू स्किल्स की कक्षा भी ली।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते हुए उप प्राचार्य सतबीर।

### एबीवीपी ने लगाया शिविर 144 ने किया रक्तदान

**रोहतक।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 350 लोग ने शामिल हुए और 144 लोगों ने रक्तदान किया। परिषद की आयाम जिज्ञासा संयोजिका शिखा मलिक ने बताया कि रक्तदान महादान है। जिला संयोजक सन्नी राजपूत ने बताया कि संगठन के 76वें स्थापना दिवस पर यह कार्यक्रम किया। इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजू सहगल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय-समय पर समाज आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। कार्यक्रम में नेकीराम कॉलेज उप प्राचार्य सतबीर सिंह व एनसीसी कैडेट बटालियन के जवानों ने रक्तदान किया और रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

### डांस प्रतियोगिता में अपरा और जिज्ञासा ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नोएडा के सेक्टर-62 में गोविंद प्रसाद झुनझुनवाला मेमोरियल हॉल में बूगी फीवर डांस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के कलाकार बच्चों ने भागीदारी की। हरियाणा प्रदेश की तरफ से रोहतक जिले की टैलेंटेड हुनरबाज एकेडमी से अपरा और जिज्ञासा ने डुएट डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति दी। मथुरा यूपी के बच्चों ने प्रथम और उड़ीसा के बच्चों ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि रोहतक के अपरा की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अपरा और जिज्ञासा की टीम की ओर से हरियाणवी नृत्य का कुर्ती और दामन में हुई प्रस्तुति पर हॉल में मौजूद लोग थिरकने लगे। इस कार्यक्रम का आयोजन तनु राघव ने किया। एंकर अमित दीक्षित रहे। जूनियर कैटेगरी में सुमित क्रैक और शिवम



जाबा व सीनियर कैटेगरी के राहुल यूडीसी व विवेक वी माइनस, डूएट और क्रू कैटेगरी में ऋषिराज ने जज की भूमिका निभाई।

### चोरी में शामिल चौथा आरोपी छह साल बाद गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव लाहली के सरकारी स्कूल में चोरी करने के प्रयास में करीब छह साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेजा गया है। कलानौर थाना प्रभारी सुलेन्द्र ने बताया कि 16 अक्टूबर 2018 को गांव की पूर्व सरंपच रेनु की शिकायत के आधार पर गांव के सरकारी स्कूल में कम्पयुटर लैब व रसोई में चोरी करने के प्रयास पर करने का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने चोरी में शामिल रहे आरोपी गीता पत्नी संजय गांव बनियानी को उसी समय गिरफ्तार किया गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने चोरी के प्रयास में शामिल रहे अन्य आरोपी नरेश उर्फ सोनू गांव सैपंल रोहतक व नसीब गांव सिरसा खेड़ी जींद को भी गिरफ्तार किया था। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त आटो को बरामद किया गया था। पुलिस ने आरोपी सजंय गांव बनियानी की तलाश के लिए बार-2 रैड की। 6 साल से फरार चल रहे आरोपी सजंय गांव बनियानी को गुप्त सूचना के आधार पर गांव से ही गिरफ्तार किया गया है।

### जॉन वेस्ले में मनाया ग्रीन डे



रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी व केजी के बच्चों ने शिरकत की। प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या और अध्यापकगण ग्रीन ड्रेस में विद्यालय पहुंचे। बच्चों के द्वारा मजेदार और न भूलने वाली गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों को ग्रीन रंग की पहचान करवाने के लिए अनेक ऑब्जेक्ट्स में रंग भरवाए गए व ग्रीन रंग से संबंधित वर्कशीट्स बच्चों ने स्वयं हल कीं। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा बच्चे गतिविधियों के माध्यम से जल्दी सीखते हैं व याद रख पाते हैं। उन्होंने बताया कि हरा रंग सकारात्मकता, चिंता से मुक्ति, वफादारी, आत्मविश्वास, बौद्धिक प्रगति व शांतिप्रद आकर्षक चुम्बकीय शक्ति प्रदान करता है और हम सभी को ईश्वर के महान उपहारों की रक्षा के लिए वचनबद्ध होना होगा और उन्हें हमें अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित भी रखना होगा। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा आदि मौजूद रही।

### किसानों की फसलों का नहीं मिल रहा उचित भावः ओमप्रकाश खत्री

**सांपला।** राष्ट्रीय किसान कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश खत्री ने कहा कि आज किसानों को उनकी फसलों के उचित भाव नहीं मिल रहे हैं। खेती की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जबकि पैदावार कम और रेट भी पूरे नहीं मिल रहे। जिसकी वजह से किसान कर्जवान हो रहा है। वे मंगलवार को कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब झूठ की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। यह लोगों ने लोकसभा चुनाव में भी आईना दिखा दिया है।

उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार में किसान गरीब मजदूर के लिए अनेक कल्याणकारी योजना लागू थी। भाजपा सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार ने हर वर्ग को परेशान कर दिया है। अब किसान कांग्रेस कमेटी एक अभियान चलाकर किसान, गरीब, मजदूर को जागरूक करेंगी और भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में लोग कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना चुके हैं। इस मौके पर वीरेंद्र, दीपक, राजेश, संदीप कमल सिंह, रामप्रसाद उपस्थित रहे।

### नगर निगम कर्मचारियों ने 6000 से अधिक सम्पत्ति स्वतः प्रमाणित करवाई

**रोहतक।** प्रोपर्टी आईडी को स्वप्रमाणित करने का काम तेज गति से चल रहा है। 3 दिनो में नगर निगम कर्मचारियों द्वारा



6000 से अधिक सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाया गया। नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर और निगम कार्यालय में स्वतः प्रमाणित करवाने का काम किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने बताया कि यदि इस काम के लिए आपके पास ओटीपी आए तो भयभीत न हो, क्योंकि आपकी सम्पत्ति उस मोबाइल नम्बर से जुड़ी हुई है और जोकि इस कार्य के लिए यह जरूरी है। यदि स्वयं भी सम्पत्ति सूचना स्वतः प्रमाणित करने का कार्य किया जाता है तो उस दौरान भी ओटीपी भरना आवश्यक है।

## लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन

# 100 शिकायतें पहुंची, कई का मौके पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांश गर्ग। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय में समाधान शिविर के दौरान मंगलवार को 100 शिकायतें पहुंची। अधिकारियों ने सभी शिकायतों के निपटारे के आदेश दिए हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी इन शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करें।

पुलिस अधीक्षक हिमांश गर्ग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, नगराधीश अंकित कुमार के साथ समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा एक स्थान पर ही समाधान शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है ताकि लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े। शिकायत लेकर पहुंची गरिमा ने बताया कि वे समाधान शिविर में अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटि को दुरुस्त करवाने के लिए शिकायत लेकर पहुंची थी। उपायुक्त अजय कुमार ने शिकायत की सुनवाई के उपरांत अधिकारियों को शिकायत के मौके पर निपटारे के निर्देश दिए, जिसके बाद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने अधिकारियों से इस शिकायत का मौके पर निपटारा करवाया।

#### शिकायतकर्ताओं ने आभार जताया

पहरावर निवासी विनोद भूषण पुत्र कली राम ने भी शिविर में शिकायतों के मौके पर निपटारे के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह और उपायुक्त अजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। विनोद भूषण पीपीपी में त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंचे थे। एडीसी कार्यालय के स्टाफ द्वारा उनके पीपीपी की त्रुटियों को मौके पर दुरुस्त कर दिया गया।

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
▲ मन उदास रहना (डिप्रेशन),
▲ चिन्ता करना, नींद की समस्याए
▲ फिजूल के विचार आना (OCD)
▲ सिरदर्द (माइग्रेन) ▲ शक-वहम होना
▲ सभी प्रकार के दौरे ▲ बाईपोलर डिसार्डर
▲ भूलने की बीमारी ▲ नशा मुक्ति
➢ अत्यधिक गुस्सा करना ➢ स्किजोफ्रेनिया,
➢ घबराहट ➢ बच्चों की व्यवाहारिक समस्याएं
➢ बेचैनी
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466 8685805302

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 2
RMO 2
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## शहर में आज

- सिंहासन बैंक्वेट हॉल में भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक 2.30 बजे
- भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक मंगल कमल कार्यालय में 10 बजे होगी
- मदवि में सुपरन्यूमैरी सीटों पर काउंसलिंग सुबह 9 बजे से
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर के दौरान लोगों की शिकायतें सुनीं जाएंगी 9 से 11 बजे तक
- प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाएंगे 10 बजे से
- पानी की समस्या को लेकर सेक्टर-1 के लोग पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1.30 बजे

## बिजली कट

- सुबह 7 से 9 बजे तक सेक्टर-2, 3, 4, 5, आईटीआई फीडर के आसपास बिजली बंद रहेगी।

## खबर संक्षेप



### होटल प्रबंधन संस्थान में 22 तक करें आवेदन

**रोहतक।** तिलियार झील स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में दाखिले के लिए 22 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने बताया कि आईएचएम में सत्र 2024 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 3 वर्षीय बीएससी डिग्री और डेढ़ वर्षीय फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन, बेकरी डिप्लोमा में दाखिला ले सकते हैं।

### कैप्टन जगवीर मलिक की बाइक चोरी

**रोहतक।** समाज सेवी कैप्टन जगबीर मलिक की एसपीडी शिक्षा के कार्यालय में साथी राजवीर मलिक के साथ गए हुए थे। यहां से उनकी बाइक हीरो होंडा सीडी डीलक्स चोरी हो गई। उन्होंने पुलिस को शिकायत दे दी है।



## जनस्वास्थ्य विभाग के दावे खोखले, कई कॉलोनियों के लोग परेशान

# नहर में पानी, लेकिन शहर में अब भी संकट, एक ही समय हो रही सप्लाई

- गर्मी में कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेएलएन नहर में भरपूर पानी होने के बावजूद शहर में पेयजल संकट बना हुआ है। बहुत सी कॉलोनियों में सुबह एक समय ही पानी सप्लाई किया जा रहा है। एक समय भी प्रेशर नहीं होने के कारण पूरा पानी नहीं मिल पा रहा। जनस्वास्थ्य विभाग के पेजयल सप्लाई के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। आज भी कई कॉलोनियों में दूषित जल और पेयजल किल्लत की समस्या है। आर्य नगर, काठमंडी, जनता कॉलोनी, कन्हेली रोड, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शास्त्री नगर, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, सूर्य नगर, तेज कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, लाढ़ौत रोड सेक्टर-1, आजाद नगर में पानी की किल्लत है। कई जगहों पर अब भी दूषित पानी आ रहा है। लोगों का कहना है कि कभी अगर पानी आता भी है तो वह प्रयोग के योग्य भी नहीं होता। गर्मी में कई किलोमीटर दूर जाकर पानी ढोने को मजबूर हैं।



### खरावड़: 9 दिन में 45 टैंकरों से पानी उपलब्ध करवाया

**रोहतक।** गांव खरावड़ में भीषण गर्मी के चलते प्राचार्य हेमचंद्र मलिक की अध्यक्षता में चिंतनशील खरावड़ समीति ने 9 दिन में 45 टैंकरों द्वारा लगभग तीन लाख पचास हजार लिटर पानी उपलब्ध करवाया है। पूर्व सरपंच बिजेन्द्र मलिक ने सभी जल-सेवकों को सम्मानित किया। इस कार्य में भगवान, आजाद सिंह, वेद पाल, बल्लू, वजीर सिंह व अशोक का योगदान रहा।

### इन कॉलोनियों में नहीं आ रहा पानी

ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, आजाद नगर, जनता कॉलोनी, लाढ़ौत रोड शीतल नगर, गोहाना अड्डा में कई दिन से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि पेजयल समस्या सुधरने के बजाय गहराती जा रही है। विभाग को इस समस्या को गंभीरता से लेकर काम करना चाहिए। पानी न आने के चलते लोगों को महंगे दामों पर टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। साथ ही कई कॉलोनीवासी दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं।

### इन मोहल्लों में दूषित जल की समस्या

- बाबरा मोहल्ला।
- झंग मोहल्ला।
- कमल कॉलोनी।
- तिलक नगर।
- पाड़ा मोहल्ला।
- सलारा मोहल्ला।
- ओल्ड हाउसिंग बोर्ड।

### कई दिनों से नहीं आया पानी



कई दिनों से कॉलोनी में पानी नहीं आ रहा है। अगर पानी आ भी जाता तो वह पीने के लायक नहीं है। पानी इतना गंदा आता है अगर पानी को पी लिया जाए तो बीमार पड़ जाते है। इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं।
-**तुषार सहगल**, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी

### बिजली-पानी की समस्या बहुत



कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। पता चला है कि नहर में पूरा पानी है। लेकिन उसके बाद भी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। वहीं, बिजली की समस्या बनी हुई है। बिजली आती है तो पानी नहीं मिलता है। बिजली मिलती है तो पानी नहीं मिलता है। शहर में रहना गांव के बराबर हो रहा है। -**शकुंतला**, कॉलोनी वासी

## एमडीयू प्रोफेसर ने मलेशिया यूनिवर्सिटी में दिया लेक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



प्रो. हरीश दूरेजा

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश दूरेजा ने सनवे यूनिवर्सिटी मलेशिया में आयोजित अर्ली करियर रिसचर्स-पोस्टग्रेजुएटस रिसर्च सिम्पोजियम 2024 में प्लेनरी लेक्चर दिया। गत 4-5 जुलाई को मलेशिया में आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. हरीश दूरेजा ने- प्रीस्क्राइबिंग एप्स ए न्यू एरा ऑफ हेल्थ केयर विद डिजिटल थेराप्यूटिक्स पर विस्तृत व्याख्यान दिया। संगोष्ठी में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों, विद्वानों एवं वैज्ञानिकों ने प्रो. हरीश दूरेजा के व्याख्यान की सराहना की। तदुपरांत 6-7 जुलाई को हैदराबाद में आयोजित 73वीं इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस में वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की। उल्लेखनीय है कि प्रो. दूरेजा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी ऑस्ट्रेलिया में विजिटिंग प्रोफेसर हैं। उन्हें स्टैंडफोर्ड द्वारा विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने चार इंडियन पेटेंट दाखिल किए हैं तथा उनके 280 से अधिक शोध लेख राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। देश एवं विदेश के प्रतिष्ठित प्रकाशनों द्वारा उनकी लगभग 10 किताबें प्रकाशित की जा चुकी हैं और उन्होंने 200 से अधिक सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में बतौर आमंत्रित वक्ता व्याख्यान दिए हैं।

### मदवि: सुपरन्यूमैरी सीट पर काउंसलिंग आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में चार वर्षीय स्नातकीय (यूजी) तथा पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम में सुपरन्यूमैरी सीटों पर काउंसलिंग 10 जुलाई को होगी। एमडीयू के डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने बताया कि हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के अभ्यर्थियों (ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी) के लिए 10 प्रतिशत सुपरन्यूमैरी सीटों को स्नातकीय पाठ्यक्रमों की 10 जुलाई को आयोजित तीसरी काउंसलिंग में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पूर्व निर्धारित सीटों को भरने उपरांत ही प्रवेश के लिए ऑफर किया जाएगा। गौरतलब है कि नियामक संस्थानों- बीसीआई/ पीसीआई/ एआईसीटीई/ एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में सुपरन्यूरी सीटों का कोई प्रावधान नहीं है। प्रवेश काउंसलिंग के लिए संबंधित विभाग में रिपोर्टिंग समय प्रातः 9 बजे रहेगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# 25 लाख रुपये लेकर फरार होने के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने कलेक्शन के 25 लाख रुपये लेकर फरार होने की वारदात में आरोपी ड्राइवर व उसके साथी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि नई अनाज मंडी निवासी प्रमोद की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि प्रमोद दिल्ली से बिजली का सामान लाने का काम करता है। ड्राइवर राजीव व सेल्समैन पवन दिल्ली से गाड़ी में सवार होकर दुकानदार से माल के कलेक्शन के लिए आए हुए थे। कई दुकान से कलेक्शन कर 25 लाख रुपये ड्राइवर राजीव को दिए। सेल्समैन पवन आर्डर लेने के लिए रोहतक मार्केट में चला गया। पवन कई देर तक राजीव के इंतजार में खड़ा रहा। पवन ने प्रमोद के पास फोन कर ड्राइवर राजीव के बारे में पूछा। प्रमोद ने राजीव के पास किया तो उसका फोन बंद मिला। प्रमोद व पवन ने गाड़ी व ड्राइवर की तलाश की तो गाड़ी सड़क के किनारे लावारिस हालात में खड़ी मिली। सीसीटीवी में ड्राइवर राजीव गाड़ी से बैग उतारता हुआ दिखाई दिया व उसके साथी अन्य युवक भी दिखाई दिया। जांच में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी कैद हो गए। जांच के दौरान 5 जुलाई को पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी राजीव निवासी गांव रिठाला दिल्ली को गिरफ्तार किया था। 8 जुलाई को वारदात में आरोपी सुनील निवासी टिटौली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सुनील करीब 1 साल पहले प्रमोद के पास काम करता था।



### मदवि: री-अपीयर परीक्षा का परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित बीएचएम एंड सीटी चार वर्षीय के छठे व आठवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

## दुर्घटना की बात कहकर एक लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में एक व्यक्ति के साथ एक लाख रुपए का साइबर फ्रोड हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में महम के वार्ड चार निवासी अशोक कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सिटी पुलिस चौकी के पास उसका घर है। 8 जुलाई को उसके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आई कि आपके लड़के ने एक्सीडेंट किया है। आप जल्दी से जल्दी मेरे उक्त गुगल पे एकाउंट पर एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दो। उसने एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि उसके साथ साइबर फ्रोड हुआ है। आरोपित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। यदि महम इलाके की बात करें तो यहां पर आए दिन महम थाना क्षेत्र में साइबर फ्रॉड की घटनाएं हो रही हैं। जिला पुलिस अधीक्षक भी इस संबंध में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि पैसे के मामले में किसी तरह के लालच में और झांसे में न आएं। मोबाइल पर पैसे की डिमांड की जाती है तो इसको लेकर सावधान रहें। पहले अच्छी तरह मामले की जांच कर लें। एकदम किसी के पास इस तरह पैसे ट्रांसफर न करें। बावजूद इसके साइबर ठगी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही।

### मांगों को लेकर वीसी कार्यालय के समक्ष धरने में 102 शिक्षकों ने लिया भाग

# दूसरे दिन भी धरने पर बैठे मदवि के प्रोफेसर आश्वासन मिलने तक धरना जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जून के वेतन समेत दूसरी कई मांगों को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.राजबीर सिंह के कार्यालय के समक्ष शिक्षक संघ का धरना मंगलवार को जारी रहा। इसमें 102 शिक्षकों ने भाग लिया। गंभीर वित्तीय स्थिति को लेकर शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों में भारी रोष है। ऐसा संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच ने कहा है। इन्होंने बताया कि धरना सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 तक जारी रहा। शाम को 4:00 बजे के करीब जून की सैलरी की शिक्षकों के खाते में भी आ गई। लेकिन चिंता इस बात के लिए है कि अगले महीने की 1 तारीख को फिर से यही होगा। क्योंकि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की माली हालत चिंता जनक है और सरकार की तरफ से जो पैसा मिलता है वह बजटेड शिक्षकों के वेतन का केवल 20 से 22% ही है। स्वपोषित शिक्षकों का एक भी पैसा, गेस्ट शिक्षकों का एक भी पैसा एवं रिटायर्ड कर्मचारियों और शिक्षकों की पेंशन का एक भी पैसा सरकार से नहीं मिलता।


**रोहतक।** मांगों को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में धरना देते हुए प्रोफेसर।

### आमदनी भी 2013-14 के मुकाबले कम हो गई

डॉ. विकास सिवाच ने बताया कि 2014 तक विश्वविद्यालय में 700 एफिलिएटिड कॉलेज थे। आज उनकी संख्या घटकर 160 के करीब रह गई है जिसके कारण दाखिले की फीस, एफीलिएशन फीस, एग्जाम की फीस इतियादी में भारी कटौती हुई है। अन्य स्रोतों जैसे डिपार्मेंट आफ डिस्टेंस एजुकेशन की आमदनी भी 2013-14 के मुकाबले 10% से भी कम रह गई है। सरकार की तरफ से अनुदान पूरा न मिलने के कारण विश्वविद्यालय आज इस गंभीर आर्थिक चपेट में आ गए हैं। जब तक सरकार ऐडेड कॉलेज के तर्ज पर 100% तनख्वाह शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए जिसमें बजटेड शिक्षक हैं, कर्मचारी हैं, एसएफएस शिक्षक है।

शिक्षक संघ द्वारा यह हड़ताल जून महीने की तनख्वाह को न लेकर बल्कि गंभीर वित्तीय स्थिति का समाधान होने तक एवं 21 अन्य मांगें जो विश्वविद्यालय स्तर की है उनको लेकर किया गया है। जब तक यह सारी मांगों पर प्रशासन द्वारा लिखित में समय सारणी के साथ कोई आश्वासन नहीं मिलता, तब तक यह धरना जारी रहेगा इसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होंगे। लेकिन शिक्षक संघ एक बार फिर से छात्रों के हितों की सोचते हुए दाखिलों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ पूरी तरह से तालमेल करके चलेगा और अन्य किसी काम के लिए असहयोग जारी रहेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**उपलब्धि** पीजीआईएमएस की एचआईवी जांच प्रयोगशाला को मिली एनएबीएल की मान्यता

# सटीक-विश्वसनीय एवं उत्तम गुणवत्ता वाले परीक्षण परिणाम प्रदान करने में होगा सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एचआईवी लैब अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सक्षम पाई गई है। अब इस लैब को एनएबीएल एजेंसी से मान्यता मिल गई है। खास बात ये है कि एनएबीएल की मान्यता प्राप्त करने वाली हरियाणा की यह पहली सरकारी एचआईवी लैब है। यह मान्यता के मिलने से लैब द्वारा सही रूप से कैलिब्रेटेड परीक्षण से वास्तविक रिपोर्ट का आश्वासन मिलेगा, परीक्षण करने वाले कर्मियों में विश्वास बढ़ेग़ा। इसका लाभ लैब में जांच करने वाले मरीज और एआरटी सेंटर में पंजीकृत मरीजों को विशेष रूप से प्राप्त होगा। लैब की इंचार्ज व नोडल अधिकारी डॉ. रितु अग्रवाल ने बताया कि उनका स्टाफ उनके साथ पिछले 1 साल से यह मान्यता लेने के लिए मेहनत कर रहा था, जिसमें जांच टीम द्वारा प्रयोगशाला की प्रबंधन प्रणाली, तकनीकी प्रदर्शन और दक्षता प्रशिक्षण में भागीदारी का मूल्यांकन करते हुए यह प्रक्रिया पूरी की और लैब को एनएबीएल की मान्यता प्रदान की। उन्होंने बताया कि एनएबीएल की टीम द्वारा प्रयोगशाला का ऑनसाइट मूल्यांकन किया गया, इसके अंतर्गत सभी प्रकार की सुविधा, उपकरणों, कर्मियों व प्रशिक्षण प्रक्रियाओं का दो दिन तक मूल्यांकन किया गया। उसके आधार पर एनएबीएल द्वारा रिपोर्ट एनएबीएल एजेंसी को प्रस्तुत की गई। मान्यता मिलने पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ. अपर्णा परमार और लैब की इंचार्ज व नोडल अधिकारी डॉ. रितु अग्रवाल को कुलपति डॉक्टर अनीता सक्सेना, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि डॉ. अपर्णा व डॉ. रितु अग्रवाल के प्रयास से ही यह लैब एनएबीएल सर्टिफाइड हुई है। डॉ अपर्णा परमार ने बताया कि एनएबीएल भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त एजेंसी है, इसका उद्देश्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता और तकनीकी तकनीकी क्षमता का तृतीय पक्ष द्वारा मूल्यांकन प्रदान करना है।



**रोहतक।** डॉ. रितु अग्रवाल, लैब की इंचार्ज व नोडल अधिकारी, पीजीआईएमएस रोहतक। फोटो: हरिभूमि

### पूरी टीम को श्रेय

इस प्रयोगशाला के परीक्षण परिणाम की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति कि सुविधा मिलती है। इस उपलब्धि का श्रेय माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अपर्णा, डॉ. निधि गोयल डॉक्टर कुणाल व अन्य को जाता है। कुलपति डॉ. अनीता सक्सेना, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डीएचएस डॉ. आरएस पूनिया, परियोजना निदेशक डॉ. मनीष बंसल, डॉ. नवनीत, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, डॉ. अनिल खुराना, जिला नोडल अधिकारी डॉ. इंदु, डॉक्टर शिल्पा, डॉ. दीपक जैन, डॉ. अनिल खुराना व राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन से जुड़े डॉ. पंकज के नेतृत्व में समय-समय पर जो प्रशिक्षण दिलाया गया उन सभी का आभार।

### अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा किया

लैब की इंचार्ज डॉक्टर रितु अग्रवाल ने बताया कि एचआईवी लैब एसआरएल द्वारा हरियाणा में स्थापित 104 आईसीटीसी का गुणवत्ता आश्वासन कार्य का कार्य भी किया जाता है। यह एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने का अर्थ है कि यह लैब अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करती है और सटीक एवं विश्वसनीय एवं उत्तम गुणवत्ता वाले परीक्षण परिणाम प्रदान करने में सक्षम है। एनएबीएल का अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता सहयोग और एशिया प्रशांत प्रयोगशाला मान्यता सहयोग के साथ करार है।

### मदवि: बीपीएच में दाखिलों को आवेदन की आज अंतिम तिथि

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र 2024-25 से संचालित किए जा रहे बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ (बीपीएच) चार वर्षीय पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 12 को डिस्प्ले की जाएगी। प्रथम फिजिकल काउंसलिंग 15 को आयोजित की जाएगी, दाखिला मिलने की सूरत में 16 तक फीस जमा होगी। रिक्त सीटों की सूची 17 को डिस्प्ले की जाएगी। दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 19 को आयोजित की जाएगी और फीस 20 तक जमा करानी होगी। सीटें खाली रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 22 को डिस्प्ले की जाएगी। तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 23 को आयोजित होगी, फीस 24 तक जमा होगी। सीटें खाली रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 26 को जारी की जाएगी। कक्षाएं 22 जुलाई से प्रारंभ होंगी।

- तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 23 को